## सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी अनुचित पाकर की निरस्त

# सिर्फ फैसले में गलती के लिए जज के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई सही नहीं

### मप्र सहित देश के सभी हाई कोर्ट को दी ऐसा न करने के निर्देश दिए

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने सोमवार को मध्य प्रदेश के एक न्यायिक अधिकारी की बर्खास्तगी को इस टिप्पणी के साथ निरस्त कर दिया कि जिला न्यायपालिका के सदस्यों के विरुद्ध कथित तौर पर गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने निर्भय सिंह सुलिया की अपील को मंजूरी दे दी, जिन्हें 2014 में भ्रष्टाचार के आरोपों और एक्साइज एक्ट के तहत बेल एप्लीकेशन पर फैसला करने में दोहरा मापदंड अपनाने के आरोप में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज के पद से हटा दिया गया था।

यह कार्रवाई हाईकोर्ट द्वारा शुरू की गई एक डिपार्टमेंटल जांच के बाद की गई, जिसमें उन पर आरोप था कि उन्होंने मध्य प्रदेश एक्साइज एक्ट की धारा 34 (2) के तहत दर्ज मामलों में जमानत याचिकाओं पर फैसला करते समय दोहरा मापदंड अपनाया था। आरोप था कि उन्होंने कुछ मामलों में 50 बल्क लीटर से ज़्यादा शराब ज़ब्त होने के बावजूद जमानत दे दी, जबकि कई दूसरे ऐसे ही मामलों में यह कहते हुए जमानत निरस्त कर दी कि जब्त की गई मात्रा 50 बल्क लीटर से ज़्यादा होने के कारण जमानत नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि हाई कोर्ट को न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू



करते समय बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ इसलिए कि कोई आदेश गलत है, या फैसले में कोई गलती है, किसी न्यायिक अधिकारी को बिना किसी और वजह के विभागीय कार्यवाही की मुश्किल से नहीं गुजारा जाना चाहिए।

हाई कोर्ट को अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सिर्फ इसलिए कि कोई आदेश गलत है या फैसले में कोई गलती है, बिना किसी और वजह के न्यायिक अधिकारी को ऐसी कार्यवाही की मुश्किलों से न गुजारा जाए। कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी कार्यवाही का ज़िला न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर बुरा असर पड़ता है और अक्सर यह ट्रायल कोर्ट के जजों को विवेक का इस्तेमाल करने से हतोत्साहित करती है, खासकर जमानत के मामलों में। प्रशासनिक कार्रवाई के डर के कारण ट्रायल कोर्ट के जज सही मामलों में भी जमानत देने से हिचकिचा रहे हैं, जिससे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जियों की संख्या बहुत ज़्यादा बढ़ गई है। हाई कोर्ट, जिसके पास सुपरवाइजरी कंट्रोल है, उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारी ज़्यादातर तनाव भरे माहौल में काम करते हैं। सिर्फ़ एक गलत आदेश या जमानत देने में विवेक का गलत इस्तेमाल, अपने आप में, बिना किसी और बात के, विभागीय कार्रवाई शुरू करने का आधार नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा ऐसा नहीं होना चाहिए कि ट्रायल कोर्ट के जज के मन में किसी एडमिनिस्ट्रेटिव कार्रवाई के डर की वजह से, कानून के सिद्धांतों के अंदर आने वाले सही मामलों में भी बेल रिजेक्ट कर दी जाए। यही एक कारण है कि हाई कोर्ट में बेल एप्लीकेशन की बाढ़ आ जाती है। सुप्रीम कोर्ट में भी यही हाल है।

#### झूठी शिकायतें और बार की जवाबदेही

सुप्रीम कोर्ट ज्यूडिशियल अधिकारियों के खिलाफ झूठी और बेकार शिकायतों पर रोक लगाने के लिए भी कड़े निर्देश जारी किए। इसने कहा कि ऐसी शिकायतें करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए। जिसमें, उचित मामलों में, कोर्ट की अवमानना की कार्यवाही भी शामिल है। अगर शिकायत करने वाला बार का कोई ज़िद्दी सदस्य है, तो कोर्ट ने कहा कि अवमानना की कार्रवाई के अलावा, अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए बार काउंसिल को मामला भेजा जाना चाहिए, और ऐसे मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। साथ ही, कोर्ट ने यह भी साफ़ किया कि अगर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ़ दुर्व्यवहार की शिकायत पहली नजर में सच पाई जाती है, तो तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए और अगर आरोप साबित होते हैं तो कोई नरमी नहीं दिखानी चाहिए। उचित मामलों में, हाई कोर्ट को कार्रवाई शुरू करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस चलाना न्यायपालिका का नाम खराब करने वाले काले लोगों को बाहर निकालना है।

## जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा के मामले की पेश करो स्टेट्स रिपोर्ट

**जबलपुर।** रिश्वत लेने के आरोपी केंद्रीय जीएसटी असिस्टेंट कमीश्नर विवेक वर्मा ने अधीनस्थ अदालत से जमानत अर्जी निरस्त होने के बाद हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने सीबीआई को मामले की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले पर अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी।उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी होटल कारोबारी विवेक त्रिपाठी के विरुद्ध सीजीएसटी ने एक करोड़ रूपये की रिकवरी नोटिस जारी किया था। सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा, कार्यालय अधीक्षक मुकेश वर्मन व इंस्पेक्टर सचिन खरे ने मामले के निराकरण के लिए रिश्वत के रूप में 10 लाख रूपये मांगे थे। जिसकी शिकायत होटल कारोबारी ने सीबीआई से की थी। जांच में होटल कारोबारी की शिकायत सही पाई गई थी। रिश्वत की पहली किश्त चार लाख रूपये इंस्पेक्टर सचिन खरे को दिए गए थे। तभी सीबीआई की टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद इंस्पेक्टर ने रिश्वत की रकम मिलने की जानकारी असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा को दी गई। उसने रिश्वत की रकम लेकर कार्यालय आने के निर्देश इंस्पेक्टर को दिए थे। इंस्पेक्टर ने जैसे ही रिश्वत की रकम असिस्टेंट कमिश्नर को दी सीबीआई ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी कार्यालय अधीक्षक मुकेश बर्मन कार्यालय में मौजूद नहीं था। सीबीआई ने तीनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। वर्मा की ओर से सीबीआई कोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया गया था। सीबीआई कोर्ट ने 22 दिसंबर को जमानत अर्जी खारिज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया था।

**हाईकोर्ट ने सीबीआई को दिया निर्देश**

## महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को चुनौती

### हाईकोर्ट में याचिका दायर

**जबलपुर।** महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को नियमविरुद्ध बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर की गई है। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने बताया कि महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 लॉ ऑफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है। इस याचिका पर हाई कोर्ट में जल्द सुनवाई होगी।

याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई है, लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया। अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है। इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टस 10 साल से बहुत कम है।

#### फॉर्म का क्या किया

अधिवक्ता योगेश सोनी ने दलील दी कि इस बार महाधिवक्ता कार्यालय में लॉ ऑफीसर बनने के लिए सैकड़ों वकीलों ने आवेदन किया था। आवेदन निर्धारित फॉर्म में आमंत्रित तो किए गए, लेकिन यह कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया कि इन आवेदनों की जांच, मूल्यांकन और शॉर्टलिस्टिंग किस आधार पर की गई। यह भी कहा गया है कि न तो कोई मापदंड जारी किया गया, न अंक प्रणाली, न ही चयन या अस्वीकृति के कारण बताए गए। इससे पूरी प्रक्रिया पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है।

## दो वर्ष पूर्व जिला अदालतों में 1255 पदों पर की गई भर्ती के खिलाफ याचिका दायर

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर करीब दो वर्ष पूर्व हाईकोर्ट द्वारा जिला अदालतों में 1255 पदों पर की गई भर्ती को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि इसमें ओबीसी वर्ग के करीब तीन सैकड़ा अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा से बाहर कर दिया गया था। एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड सोशल जस्टिस की ओर से पुनरीक्षण याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि उक्त भर्ती में अनारक्षित पदों को प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा में केवल सामान्य के लिए आरक्षित मानकर रिजल्ट जारी किया गया था। इसमें आरक्षित वर्ग के कट-ऑफ अंक अनारक्षित से 10 अंक ज्यादा निर्धारित किए गए थे। प्रारंभिक परीक्षा हेतु असिस्टेंट ग्रेड पद के लिए सामान्य वर्ग का कट-ऑफ 78 अंक और ओबीसी के लिए 88 अंक निर्धारित किए गए थे। इससे सैकड़ों उम्मीदवार मुख्य परीक्षा से बाहर हो गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने दलील दी कि हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्धारित किया है कि अनारक्षित वर्ग के पद चयन के प्रत्येक स्तर (प्रारंभिक व मुख्य) पर प्रतिभावान छात्रों से ही भरे जाएंगे, चाहे वो किसी भी वर्ग के हों बशर्ते उन्होंने आयुसीमा की छूट न ली हो। इन्हीं फैसलों को आधार बनाते हुए उक्त याचिका दायर की गई है।

## रंजिश पर हत्या के दो आरोपियों को उम्रकैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी रवि यादव व शिब्बू उर्फ शिवम का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 20 अगस्त, 2022 को आरोपियों ने गढ़ा क्षेत्रातंर्गत बजरंग बली मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर रिब्बू उर्फ रामसिंह पटेल व उसके साथी श्रीकांत पर धारदार हथियार से हमला किया था। जिसमें रामसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं श्रीकांत की मौत हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। विचारण दौरान पेश किगए गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध: महापौर

#### संभाग स्तर पर कई स्थानों से लिये गए सैम्पल

**जबलपुर।** शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सजग और सक्रिय है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि नगर निगम शहर के हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम का पूरा अमला इन दिनों युद्ध स्तर पर मैदान में उतरा हुआ है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार शुद्ध जलापूर्ति के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षदगणों, संभागीय अधिकारियों और जल विभाग के उपयंत्रियों ने मिलकर विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। शहर के विभिन्न हिस्सों और अंतिम छोर पर स्थित घरों से पानी के नमूने लिए गए। जल शोधन संयंत्रों से लेकर वितरण पाइप लाइनों तक पानी की शुद्धता की बारीकी से जाँच की गई। संभागीय कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संभाग क्रमांक 7 के अन्तर्गत सुभाष चंद्र बोस वार्ड निर्भय नगर में जल वितरण लाईन सुधार कार्य किया गया। कोल माइंस जे.डी.ए. नाला की पुलिया के नीचे लगभग 20 पाइप लाइन गई है जिसके नीचे की सफाई पदाधिकारी विजय तिवारी, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक वैभव तिवारी और अमन चौरसिया तथा आम नागरिकों की उपस्थिति में कराई गयी। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 11 अंतर्गत वार्ड 43 डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में वार्ड पार्षद के साथ नालियों में जल आपूर्ति पाइप लाइन के लीकेज की स्थिति की जांच की गई। संभाग क्रमांक 10 से प्राप्त जानकारी के अनुसार एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, वार्ड पार्षद श्रीमती सावित्री, निशांत झरिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा वार्ड सुपरवाइजर राजेश चौधरी मदन चौधरी के साथ पाइप लाइन लीकेज की स्थिति की जाँच की गयी, सभी स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति पाई गयी। जाँच के दौरान पार्षद संजय साहू, संभागीय अधिकारी कुलदीप तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज आदि भी उपस्थित रहे।

## चाचा ने भतीजे से की मारपीट

**जबलपुर।** पाटन थानांतर्गत गुरू मोहल्ला पाटन में कल सुबह चाचा ने मोबाइल चुराने की बात पर चाचा ने भतीजे से मारपीट कर चोटें पहुंचाई। पाटन पुलिस ने बताया कि गूरू मोहल्ला पाटन निवासी सौरभ पटेल के चाचा सालिगराम पटेल उर्फ सल्लू पटेल का मोबाइल फोन दो दिन पहले चोरी चला गया था। सल्लू पटेल ने अपने भतीजे सौरभ पटेल से पूछा कि तूने मेरा मोबाइल देखा है। इसी बात पर चाचा ने गालीगलौज कर भतीजे सौरभ पटेल के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी।

## अतिक्रमण मुक्त सड़कों से राहगीरों को मिली राहत



जबलपुर। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा से जोन कार्यालय एवं रामपुर चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए, जिससे सड़क चौड़ी हुई और यातायात सुगम हुआ। सगड़ा क्षेत्र में खुले में मांस विक्रय करने वाली दुकानों को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। वहीं सुपर मार्केट और हनुमानताल जैसे व्यस्त क्षेत्रों में की गई कार्रवाई से बाजारों में आवागमन आसान हुआ। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज 20 शिकायतों का भी संतोषजनक निराकरण किया गया। अतिक्रमण के दौरान अवैध टपरियां, गैस टंकियां एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अतिक्रमण न करें और शहर को व्यवस्थित रखने में सहयोग दें।

## समाधान योजना में लापरवाही पर ट्रांसफर नहीं डिमोशन होगा: ऊर्जा मंत्री

**जबलपुर।** समाधान योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि नहीं प्राप्त होने तथा कार्य में लापरवाही पर अधिकारियों का ट्रांसफर नहीं डिमोशन किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात समाधान योजना की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को हर हॉल में 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। श्री तोमर ने सर्किलवार योजना की प्रगति की समीक्षा की।

समाधान योजना में नम्बर एक आने पर मिलेंगे 50 हजार-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि समाधान योजना में जो सर्किल सबसे अच्छी उपलब्धि अर्जित करेगा, उसके अधीक्षण यंत्री को 50 हजार रूपये का इनाम दिया जाएगा। कंपनी क्षेत्रान्र्तगत प्रथम सर्किल को 25 हजार और सर्वश्रेष्ठ सहायक यंत्री को 11 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। संबंधित अभियंता की गोपनीय चरित्रावली में भी इसकी इंट्री की जाएगी।


2 लाख से अधिक के वकायादारों से सीई,एसई बात करें-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 लाख रूपए से अधिक के बिजली बिल बकाया हैं, उनसे मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्वयं बात करें। इसका डिटेल मंत्री कार्यालय को भी दें। उन्होंने कहा कि प्रथमतः बड़े बकायादारों से सख्ती से वसूली करें। कंपनी की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए यह कार्य जरूरी है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड का भ्रमण करें।

अभी तक जमा हुये 578 करोड़ रूपए-समाधान योजना में अभी तक 578 करोड़ 22 लाख रूपए जमा हुए हैं। बिजली उपभोक्ताओं के 264 करोड़ 17 लाख रूपए के सरचार्ज माफ किए गए हैं। सर्वाधिक 382 करोड़ 72 लाख रूपए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्र में जमा हुए हैं। योजना का प्रथम चरण 31 जानकारी तक चलेगा।

ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने कहा कि लंबित बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के बिजली कनेक्शन काटे जाएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार वसूली जरूरी है। इस दौरान एम.डी. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, एम.डी. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूप सिंह सहित सभी अधिकारी बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।

## क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे : आशीष दुबे

### बरगी विधानसभा में सांसद का दौरा



**जबलपुर।** बरगी विधानसभा अंतर्गत बेलखेड़ा मंडल में सांसद आशीष दुबे ने ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रवास कार्यक्रम के तहत क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उमरिया, करहैया कला, इमलिया अठारह, चरगवां नवीन, कुसली, मनकेड़ी, सुनाचर, सालीवाड़ा, गुंदरई एवं बेलखेड़ा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। सांसद श्री दुबे ने सांसद निधि सहित विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों से उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आमजन से संवाद ही क्षेत्र के समग्र और सतत विकास की मजबूत नींव है। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, विधायक नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बाईकों की भिड़ंत में दो घायल

**जबलपुर।** कुंडम थानान्तर्गत कल ग्राम पडरिया में पोलट्री फार्म के समीप दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुंडम पुलिस ने बताया कि सेठी नगर गोरखपुर निवासी सुनील विश्वकर्मा के जीजा अनिल विश्वकर्मा कल शाम लगभग 4.30 बजे पिकनिक मनाने अपने साथी मोंटी श्रीवास्तव के साथ मोटर साइकिल से छीता खुदरी डेम जा रहे थे तभी पड़रिया पोल्ट्री फार्म के पास मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड डी 7270 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अनिल की मोटर साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी घटना में घायलों को जबलपुर के कोठारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पीड़ित मानवता की सेवा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया, सिकिलसेल और अन्य बीमारियों से पीड़ितों के लिए किया रक्तदान**

#### पीड़ितों की हुई निःशुल्क जांच, दवा का भी किया गया वितरण

**जबलपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ हम हैं न फाउंडेशन द्वारा अधारताल तिराहा स्थित अमृतसरी नान रेस्टोरेंट एवं होटल उत्सव इन में वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वारीघाट, पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ तिलवाराघाट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें में करीब 1500 मरीजों ने लाभ अर्जित किया। इस मौके पर 7 रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया, सिकिलसेल और अन्य बीमारियों से पीड़ितों के रक्तदान किया। रक्त संग्रहण का कार्य जिला अस्पताल विक्टोरिया की ब्लड बैंक की टीम ने किया।

शिविर में दादा वीरेंद्रपुरी जी नेत्र संस्था देवजी नेत्रालय के सहयोग से विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रोगियों का चयन किया गया। साथ ही कांचियाबिंद, आँखों की सूजन, रेटीना एवं अन्य नेत्र रोगों की निःशुल्क जांच की गई।

स्वास्थ्य शिविर में शहर के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल काश्तवार, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल दारनुले, छाती, दमा एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. स्पंदन विश्वास एवं डॉ. हर्षित श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका अग्रवाल एवं डॉ. शालिनी अग्रवाल, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर जायसवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहसिन अंसारी, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. वेदांत गुप्ता, डॉ. शुभम जैन सहित होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. रीता शर्मा एवं चिकित्सकों की टीम शामिल रही। शिविर में आने वाले मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच, उपचार एवं दवाइयां प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त बीपी, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें भी निःशुल्क की गईं। बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया। हम हैं न फाउंडेशन द्वारा अधिक से अधिक लोगों से इस प्रकार के सेवा शिविरों का लाभ उठाने की अपील की गई, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

#### समीक्षा बैठकः खाद को वितरण ई-टोकन माध्यम से ही हो



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित पत्रों व सीएम हेल्पलाईन के विभागवार समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती के संबंध में चर्चा करते हुए पराली प्रबंधन अंतर्गत दर्ज एफआईआर और कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। पशुपालन, मत्स्य विभाग की योजनाओं के साथ स्वरोजगार योजनाएं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि एनसी पंजीयन पर विशेष ध्यान दें। बैठक में एसआईआर अंतर्गत नोटिस जारी करने की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि खाद को वितरण ई-टोकन माध्यम से ही हो, आफलाइन न हो। उद्यानिकी की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास फूलों की खेती प्रारंभ करने की कार्ययोजना बनायें। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा, उपार्जन व तौल कांटे का सत्यापन, आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम, ओडीओपी के लिये कामन फेसिलिटेशन सेंटर, नल-जल, पीएम जनमन, ब्लैक स्पॉट को दूर करने, सड़कों के गडढों के सुधार करने, सीवरेज लाइन ठीक करने, अपात्र लोगों को बीपीएल सूची से हटाने, गौशालाओं के संचालन के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि लाडली बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना जैसे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लिंक करें। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

# प्रभु श्री राम सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक : खान




वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस पर भारतीय डाक विभाग का विशेष आवरण जारी

**जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस, जबलपुर को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग, भारत सरकार द्वारा एक विशेष डाक आवरण का प्रकाशन एवं विधिवत विमोचन किया गया। यह विमोचन कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के अवसर पर 2 जनवरी 2026 को आयोजित हुआ था। इस विशेष आवरण पर “वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस, जबलपुर” अंकित है। साथ ही इसमें डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा रचित ग्रंथ हिम्न्स ऑफ रामायण के आवरण चित्र को भी स्थान दिया गया है, जो रामायण की वैश्विक चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव को दर्शाता है। कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र के दौरान इस विशेष आवरण की एक प्रति बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, आयोजन सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता एवं फिला टेली सोसायटी के सचिव विकास सिंघई द्वारा प्रतीक स्वरूप भेंट की गई। भगवान राम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि श्री राम भारत की एकात्मता की संस्कृति के सबसे बड़े प्रतीक हैं। उन्होंने जिस तरह का जीवन जिया, उसी से देश में सांस्कृतिक एकता आई। उन्होंने कहा कि राम का अर्थ उस परमात्मा से है जो हर जीव के भीतर मौजूद है, इसलिए हर व्यक्ति हमारे सम्मान का अधिकारी है। उन्होंने वाल्मीकि रामायण के उस प्रसंग का भी उल्लेख किया जहाँ वन गमन के समय लक्ष्मण के क्रोध को राम अपनी शांति और सेवा भाव से संतुलित करते हैं। राज्यपाल ने 'दान' और 'गुरुदक्षिणा' के महत्व को भारतीय परंपरा का मूल स्तंभ बताया। उन्होंने आयोजकों से सिफारिश की कि इस तरह की वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस देश के अन्य हिस्सों में भी आयोजित होनी चाहिए ताकि युवा पीढ़ी इन मूल्यों से जुड़ सके। उन्होंने अंत में कहा कि राजमत कभी जनमत को काट नहीं सकता, यही भारत की असली ताकत है। भारत ने एकात्मता और दिव्यता को 1948 में नहीं, बल्कि हजारों साल पहले ही स्वीकार कर लिया था।

### तुम्हें हम क्या बतलाएँ” से भावुक हुआ समापन सत्र



चतुर्थ वर्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में युवा कवि सुदीप भोला की काव्य प्रस्तुति ने श्रोताओं को गहरे भावलोक में पहुँचा दिया। उन्होंने पलायन कर बाजपुर में रह रहे शहीद भगत सिंह के परिजनों की पीड़ा को अपनी रचना “तुम्हें हम क्या बतलाएँ” के माध्यम से मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। जबलपुर में जन्मे कवि सुदीप भोला ने राम मंदिर निर्माण में सिख गुरु भाइयों के योगदान को समर्पित अपनी रचना “प्राण भले न बचे पर बचा गई सरदारी” प्रस्तुत कर सदन को भावविभोर कर दिया।हास्य और वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर माने जाने वाले, तथा “देश को सर्वप्रथम” की भावना में विश्वास रखने वाले इस युवा कवि ने राम मंदिर पर आधारित अपनी लोकप्रिय रचना “बन गया मंदिर परमानेंट” का पाठ कर श्रोताओं की भरपूर तालियाँ बटोरीं।



## एलायंस क्लब इंटरनेशनल 103 का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**जबलपुर।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल 103 का शपथ ग्रहण समारोह दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्र वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक दबे (रिटायर्ड जीएम रेलवे) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी प्रो. एचबी पालन (पूर्व अध्यक्ष), मनीष खरे (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) थे। प्रो. एचबी पालन ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनोद तिवारी, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विभा ब्यौहार, डिस्ट्रिक्ट सचिव सतीश साहू को शपथ दिलाई। तत्पश्चात शपथ अधिकारी मनीष खरे, एलायंस क्लब जबलपुर मारबल के नव निर्वाचित अध्यक्ष खुमेश गढ़ेवाल, लेडिज अध्यक्ष सुमन राय, सचिव आलोक साहू, लेडीज सचिव आरती गुप्ता को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में 20 नये सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल चौरसिया, प्रो. एलपीएस राजपूत, आशीष कुल्हारा, कविता सराफ, प्रियंक श्रीवास्तव, रंजना गुप्ता, गीता जेठा, शरद जेठा, सत्यनारायण सोहाने, रुचि सोहाने, साविका साहू, शुभि गढ़ेवाल, राजकुमार सराफ, प्रो. केके अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, राजेश जैन, प्रिया श्रीवास्तव, गिरीश राय, अनुपम ब्यौहार आदि उपस्थित रहे।



## ‘कॉलेज चलो अभियान’ के अंतर्गत कराया विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**जबलपुर।** ‘कॉलेज चलो अभियान’ सत्र 2026-27 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अधारताल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि प्रथम चरण के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, ग्रंथालय, ओशो चेयर, आउटडोर-इनडोर स्टेडियम, करियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ, विद्या भवन, बस सुविधा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, विद्यालय प्राचार्य मनीषा ठाकुर सहित अभियान समिति के सदस्यों द्वारा कुल 51 विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

## मजदूरों ने लिया सामाजिक सुरक्षा शिविर का लाभ



**जबलपुर।** बेन मोहल्ला रामपुर में नागरिक अधिकार मंच द्वारा असंगठित क्षेत्र के कामगारों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, प्रपत्र सुधार एवं पंजीयन हेतु 04 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस सामाजिक सुरक्षा शिविर में संस्था द्वारा 25 असंगठित कामगारों का संबल कार्ड हेतु आवेदन, 04 मजदूरों का समग्र के लिए आवेदन, 13 मजदूरों को संबल कार्ड डाउनलोड कर प्रदान किया गया और चार मजदूरों का ई-श्रम कार्ड बनाया गया। इस विशेष शिविर में कुल 47 मजदूरों ने लाभ प्राप्त किया। इस कार्य में सुरेश बेन सामाजिक अध्यक्ष, भगवानदास बेन, संतोष बेन, अमित बेन, सतीश बेन, अमित बेन, अक्कू बेन, राकेश बेन और प्रवीण बेन ने योगदान दिया। संस्था की ओर से पूजा भुर्रक, एंजलीना सालोमन, गायत्री साहू, विकास कुमार, शुभम चौधरी और शिवकुमार ने मजदूरों के पंजीयन में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह किया।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3 नवाचारों का किया शुभारंभ



**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ता सेवा, पेंशनधारक सुविधा एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण से जुड़े तीन नवाचारों का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। ऊर्जा मंत्री ने नालंदा अभिलेख कक्ष (आधुनिक रिकॉर्ड रूम), क्यूआर फीडबैक प्रणाली तथा ‘पेंशन मित्र’ पुस्तिका एवं उसके एआई आधारित डिजिटल चैटबॉट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों से रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिलेगी तथा पेंशनधारकों को नियमों और प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट को खिलाड़ियों के लिए उपयोगी बताते हुए मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इससे खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी एवं पूरी टीम को इन नवाचारों के लिए बधाई दी।

## राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ओवरऑल चैंपियन बना



**जबलपुर।** ज्ञान सागर कॉलेज सागर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में जबलपुर नोडल ओवरऑल चैंपियन बना। श्रीराम कॉलेज का प्रदर्शन सराहनीय था जिसमें 12 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर और 1 ब्रांस मेडल हैं। परिणाम- सुमित पटेल ने 100 एम रेस में गोल्ड मेडल, 200 एम रेस में गोल्ड मेडल (स्टेट लेवल टूर्नामेंट का नया रिकॉर्ड बनाया 21.20 सेकंड), 4 गुणा 100 एम, 4 गुणा 400 एम रिले रेस में गोल्ड मेडल। अभिषेक पांडे ने लांग जम्प में गोल्ड मेडल, 4 गुणा 100 एम, 4 गुणा 400 एम रिले रेस में गोल्ड मेडल। जिया कुशवाहा ने 21 केएम रेस में गोल्ड मेडल, 10 केएम रेस में गोल्ड मेडल जीता। शोभित दूबे ने 110 एम हर्डल्स में गोल्ड मेडल, श्रेयस रंधवे ने 400 एम हर्डल्स में गोल्ड, हार्दिक तिवारी ने 21 के एम रेस में गोल्ड मेडल, ध्रुव जैसवाल ने 21 के एम रेस में सिल्वर मेडल, विवेक भँवरे ने 20 के एम वॉक में गोल्ड मेडल, आयुष गुर्जर ने 1500 एम रेस में सिल्वर मेडल, ओश पटेल ने 400 एम रेस में सिल्वर मेडल, 4 गुणा 100 एम, 4 गुणा 400 एम रिले रेस में सिल्वर मेडल एवं लांग जम्प में ब्रोंज मेडल, पूर्वा साहू ने 1500 एम रेस में सिल्वर मेडल, 200 एम रेस में सिल्वर मेडल, 4 गुणा 400 एम रिले रेस में सिल्वर मेडल, ज्ञानेंद्र अहिरवर ने पोल वॉल्ट में गोल्ड मेडल, नवाज़ ख़ान ने 4 गुणा 100 एम रेस में गोल्ड मेडल जीता।

## ऑर्डनेंस फैक्ट्री चांदा प्रतियोगिता में ओएफके खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर।** हाल ही में ऑर्डनेंस फैक्ट्री चांदा में आयोजित बॉडी बिल्डिंग, वेटलिफ्टिंग एवं पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में ओएफके खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग में नरेंद्र कुमार ने बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीता, वहीं एस तंडेलु ने पॉवर लिफ्टिंग में स्ट्रॉन्ग मैन का खिताब अपने नाम किया। दोनों वर्गों की टीम चैंपियनशिप भी ओएफके ने जीती। इस उपलब्धि पर ओएफके स्पोर्ट्स क्लब द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में चीफ महाप्रबंधक शैलेष वागर्वल, जीएम ए. मीना, ऋषि पल, श्री हरि एवं कुलदीप उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डिंग, वेटलिफ्टिंग और पॉवर लिफ्टिंग वर्गों में ओएफके खिलाड़ियों ने कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। फैक्टरी के सभी कर्मियों ने खिलाड़ियों को उनकी सफलता पर बधाई दी।

## नेशनल क्लब मझौली ने जीता क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल में बनाई जगह



**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के तीसरे क्वार्टर फाइनल में नेशनल क्लब मझौली ने जबलपुर बॉयज को 33 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेशनल क्लब मझौली ने 20 ओवरों में 140 रन बनाए। अमित रैकवार और सनोज सिंह की मजबूत ओपनिंग साझेदारी तथा मध्यक्रम में मोहित के उपयोगी योगदान से टीम ने सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर बॉयज की टीम कसी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 107 रनों पर ऑलआउट हो गई। सनोज सिंह ने 3 तथा राहुल ने 2 विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई।सनोज सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के निर्णायक संदीप झरिया एवं अमीन खान रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल, देवेंद्र दहिया, उमेश उपाध्याय, गुड्डू जैन, रजनीश कुररिया एवं रिजु नेमा उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार को धमकी मामले में श्रमजीवी पत्रकार परिषद का कड़ा रुख

### एफआईआर व निलंबन की मांग

**जबलपुर।** वरिष्ठ पत्रकार विलोक पाठक को कथित रूप से पुलिसकर्मियों द्वारा “निपटाने” की धमकी दिए जाने का वीडियो सामने आने के बाद पत्रकार जगत में भारी आक्रोश फैल गया है। वायरल वीडियो में वर्दीधारी पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र भाषा और धमकी दिए जाने का आरोप है, जिसे लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया जा रहा है।इस मामले को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद एवं अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से मुलाकात कर संबंधित पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की। परिषद ने दोषी पुलिसकर्मियों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की मांग रखी। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए एक पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर एवं एक को निलंबित कर दिया तथा मामले की जांच कर आगे उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप ले सकता है।



## केंट परिषद जबलपुर की दोहरी नीति पर उठे सवाल, छोटे व्यापारियों में रोष



**जबलपुर।** छावनी केंट परिषद क्षेत्र में केंट परिषद जबलपुर पर दोहरी नीति अपनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। व्यापारियों का कहना है कि जहां बिना लाइसेंस चल रही शराब दुकानों पर वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही, वहीं छोटे दुकानदारों से निर्धारित शुल्क के बजाय भारी-भरकम वसूली की जा रही है। जानकारी के अनुसार छोटे व्यापारियों का लाइसेंस शुल्क मात्र 200 रुपये है, इसके बावजूद उनसे 2,500 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। वहीं लगभग साढ़े चार लाख रुपये लाइसेंस शुल्क वाली कई शराब दुकानें बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रही हैं, जिन्हें केंट परिषद द्वारा खुली छूट दी जा रही है। व्यापारियों ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए प्रशासन से मांग की है कि बिना लाइसेंस चल रही शराब दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, छोटे दुकानदारों से की जा रही अवैध वसूली रोकी जाए तथा केंट परिषद की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## पनागर विधायक ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



**हरिभूमि, जबलपुर।** पनागर शिवाजी में सामुदायिक भवन लागत राशि 11 लाख का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं.सुशील तिवारी इंदु भैया, माया इंदु तिवारी ,विशिष्ट अतिथि रीना जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, आनंद जैन मिन्चू मंडल संयोजक, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अंकुर जैन ,नगर मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेष मिश्रा, की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। लोकार्पण कार्यक्रम में का संचालन अनिल वंशकार ने किया इस अवसर पर रामनिवास गौतम,संतोष सैनी,पूनम कुशवाहा,सुरेश पटैल, सतीश पटेल, सचिन पटैल,रामसफल नामदेव, पाली गोंटिया, सतीष शर्मा,सुधांशु पांडे,देवेन्द कुशवाहा,आसिफ वंशकार,आभार गुड्डू गोंटिया ने किया। इस अवसर समस्त वासियों ने विधायक जी का सम्मान किया।

## पाटन में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की जिला कार्यकारिणी गठित

### किसानों के अधिकारों के लिए आंदोलन का आह्वान



**पाटन।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर 04 जनवरी 2026, रविवार को पाटन तहसील में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश सिंह को जिला अध्यक्ष, तान सिंह ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र चौरसिया को जिला मंत्री, राजेश कुमार प्रजापति को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मंत्री, श्रीमती माया लोधी को जिला महिला अध्यक्ष तथा अजय को जिला सह-मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री रवि दत्त सिंह ने किसानों से अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर सड़कों पर उतरने का आह्वान किया। बैठक का समापन संगठन की एकजुटता और संघर्ष के संकल्प के साथ हुआ।

### निधन



**श्री मुन्ना लाल ठाकुर-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राजेश व नीलेश ठाकुर के पिता स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त श्री मुन्ना लाल ठाकुर का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे गुप्तेश्वर मोक्षधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्री अविनाश गुप्ता-** गली नं. 21 सदर निवासी श्री टीके गुप्ता के पुत्र श्री अविनाश गुप्ता (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेनू घघेकर-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राजेश घघेकर की धर्मपत्नी श्रीमती रेनू घघेकर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सदाशिव राव भांडुलकर-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सदाशिव राव भांडुलकर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुधाकर चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सुधाकर चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कल्पना धारपुरे-** सार्थक अपार्टमेंट रामपुर नर्मदा रोड निवासी श्री केशव लाल धारपुरे की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना धारपुरे (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश चंद्र चड़ार-** चुंगी नाका आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री महेश चंद्र चड़ार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा राय-** गंगासागर रोड गढ़ा निवासी श्री लालजी राय की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा राय (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री आमपाली पाटिल-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री सेवकराम पाली की पुत्री सुश्री आमपाली पाटिल (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रबली सिंह चंदेल-** पार्वती कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री चंद्रबली सिंह चंदेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल लालवानी-** गोस्वामी दरबार नारायण चौक के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री श्याम लाल लालवानी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री उमा शंकर विश्वकर्मा- धनी कुटिया अधारताल निवासी श्री उमा शंकर विश्वकर्मा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री धरमदास कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता कोरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कुमार यादव-** जाग्रति नगर अ म खे रा निवासी श्री कालूराम यादव के पुत्र श्री अनिल कुमार यादव (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विमलेश बेन-** नई बस्ती गौरीघाट निवासी श्री विमलेश बेन (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई ठाकुर-** ज्ञान विहार कॉलोनी बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास निवासी श्री कमलेश ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई ठाकुर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बलराम कोल-** रामपुर कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री बलराम कोल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

**अब तक का सबसे बड़ा पोत है समुद्री प्रताप, देश का गौरव है**

# तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप, दुनिया की बड़ी से बड़ी चुनौती से निपटना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में 60 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना प्रदूषण नियंत्रण पोत ' समुद्र प्रताप ' को शामिल किया। आपको बता दें कि वैसे तो समुद्र प्रताप को प्रदूषण कंट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन यह सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी उतना ही सक्षम है, तटीय गश्त में भी उतना ही प्रभावी है, और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस शिप में एक ही प्लेटफार्म पर कई क्षमताओं को इंटीग्रेट किया गया है। रक्षामंत्री के अनुसार यही आधुनिक अप्रोच आज की समुद्री चुनौतियों की मांग है, जहां लचीलापन और तैयारी दोनों एक समान महत्वपूर्ण हैं। 'समुद्र प्रताप' का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' 115 मीटर लंबा और लगभग 4,200 टन वजनी है। यह शक्तिशाली पोत 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है।

समुद्र प्रताप की गति 22 नॉट से अधिक है। ये क्षमताएं इसे लंबी दूरी के परिचालन के लिए बेहद सक्षम बनाती हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि इस शिप की एक और खास बात है कि इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। यह अपने आप में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम है।

**आत्म निर्भर भारतः 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित**

**बड़े से बड़े संकट का कर सकता है मुकाबला, ज्यादा वक्त नहीं लगेगा**

खास
लंबाई 115
वजन 4,200


समुद्री प्रताप

## मेच्योर हो चुका डिफेंस इंडस्ट्रियल ईकोसिस्टम

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी मेक इन इंडिया पहल का असली अर्थ ऐसे ही प्रोजेक्ट में दिखाई देता है। इतने जटिल प्लेटफार्म में भी, इस स्तर की स्वदेशी सामग्री यह दिखाती है कि हमारा डिफेंस इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम अब काफी मेच्योर हो चुका है। हमने रक्षा निर्माण में कम से कम इतनी क्षमता तो हासिल कर ही ली है कि हम निर्माण से संबंधित जटिल चुनौतियों को भी हैंडल करने में सक्षम हैं। जाहिर सी बात है, जब समुद्री प्रदूषण बढ़ेगा, तो मछुआरों की आजीविका, तटीय समुदायों का भविष्य, और हमारी आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा, सब पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए हमारे तटरक्षक बल द्वारा चलाए गए तटीय स्वच्छता अभियान, प्रदूषण रिस्पांस अभियान और बहु एजेंसी समन्वय वास्तव में सराहनीय हैं। आपने यह दिखाया है, कि जब निश्चय स्पष्ट हो और समन्वय मजबूत हो, तो बड़े से बड़े संकट का भी सामना किया जा सकता है।

### किसानों के अंदर पैदा किया भरोसा

रक्षा मंत्री ने कहा कि तटरक्षक बल ने, देशवासियों के अंदर जो भरोसा पैदा किया है, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। इसने हमारे किसानों के अंदर भरोसा पैदा किया है। हमारे मछुवारों के अंदर भरोसा पैदा किया है। सब निश्चिन्त होकर अपना काम करते रहते हैं, कि जो भी होगा तटरक्षक बल देख लेगा।

## खबर संक्षेप

### रूसी तेल पर भारत को लेना होगा दो-टूक फैसला



**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा आयात शुल्क (इंपोर्ट टैरिफ) बढ़ाए जाने का खतरा एक बार फिर भारत पर मंडरा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल आयात के मामले में स्पष्ट और निर्णायक फैसला लेने का दबाव बनाया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर भारत रूस से तेल खरीद बंद नहीं करता है तो यूएस टैरिफ बढ़ाया जा सकता है।

### क्रिप्टोः एफयूआई के रडार पर 49 एक्सचेंज



**नई दिल्ली।** भारत में क्रिप्टोकरेंसी का बाजार जितनी तेजी से पैर पसार रहा है, सरकार की निगरानी भी उतनी ही सख्त होती जा रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के पास 49 क्रिप्टो एक्सचेंजों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन इन प्लेटफार्मों पर संदिग्ध लेनदेन की जांच ने हवाला, जुआ और यहां तक कि टेरर फंडिंग जैसे 'गंभीर' अपराधों की पोल खोल दी है। मार्च 2025 तक कुल 49 वर्चुअल डिजिटल एसेट ने पंजीकरण किया।

**मादुरो के बेटे गुएरा ने ट्रंप और अमेरिका को जमकर सुनाई खरी-खोटी**

# चेतावनी देते हुए बोले- मां कसम... इतिहास बताएगा 'गद्दार' कौन था? बेनकाब करेंगे

एजेंसी ▶▶ काराकस

वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने वेनेजुएला को धोखा दिया है और आने वाले समय में उन चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। सोशल मीडिया पर जारी ऑडियो रिकॉर्डिंग में उन्होंने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन था, इतिहास इसका खुलासा करेगा। मादुरो गुएरा ने कहा, वे हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान और गरिमा के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, हमें गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है। मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। निकोलस मादुरो के बेटे गुएरा ने अपने समर्थकों को सार्वजनिक आंदोलनों में हिस्सा लेने का आह्वान किया ताकि वे लीडरशिप के इर्द-गिर्द जमा हो और एकता को मजबूत कर सकें। मादुरो गुएरा वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी (पीएसयूवी) के सदस्य हैं। अमेरिकी फेडरल प्रॉसिक्यूटर का आरोप हे कि गुएरा एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क का मुख्य सरगना है, जिसने वेनेजुएला से अमेरिका तक नशीले पदार्थों को पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्तियों, मिलिट्री, और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस इस समय अमेरिका में हिरासत में हैं। उन्हें सोमवार को न्यूयॉर्क के एक फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन पर अमेरिका नारको-टेररिज्म और ड्रग्स तस्करी की साजिश के आरोप लगाए हैं।

*गुएरा ने कहा- हम वेनेजुएला के सम्मान वाले झंडे को बुलंद करेंगे*

*उधर अमेरिका ने कहा- ड्रग्स नेटवर्क का सरगना है गुएरा*

## वेनेजुएला पर हमले के बाद ग्रीनलैंड सुर्खियों में


लाल कैप में गुएरा, पिता मादुरो, इंसेट में ट्रंप


*वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के कुछ ही घंटों बाद ही दुनिया की नजरें ग्रीनलैंड पर केंद्रित हो गईं। इसकी वजह सीधे तौर पर डोनाल्ड ट्रंप का बयान है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप अपने पिछले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड को खरीदने का प्रस्ताव दे चुके हैं। ग्रीनलैंड एक ऐसा देश जो काफी रणनीतिक महत्त्व वाला है। यहां की जनसंख्या महज 56 हजार है। आर्कटिक द्वीप ग्रीनलैंड भौगोलिक रूप से उत्तरी अमेरिका का हिस्सा है। हालांकि, यह डेनमार्क साम्राज्य के अधीन एक स्वायत्त क्षेत्र है, जो सियासी तौर पर यूरोप से जुड़ा है। यह आंतरिक मामलों में स्वशासित है, लेकिन विदेश और सुरक्षा नीति डेनमार्क के नियंत्रण में है। हालांकि, 2009 के स्वशासन अधिनियम के तहत इसे पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करने का अधिकार है, जिसे ग्रीनलैंड के लोग जनमत संग्रह के जरिए चुन सकते हैं।*

### भड़का चीनः नहीं चलने देंगे अमेरिकी दादागीरी



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी देश दुनिया का पुलिसकर्मी या अंतराष्ट्रीय न्यायाधीश बनने का हकदार नहीं है। उन्होंने इस हमला को लेकर कहा कि यह अंतराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और वेनेजुएला की संप्रुभता पर हमला है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि एकतरफा दादागीरी नहीं चलेगी। जिनपिंग ने वैश्विक मामलों में 'एकतरफा और दादागिरी भरे कृत्यों' की आलोचना करते हुए प्रमुख शक्तियों से अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने का आग्रह

### किम जोंग ने अमेरिका को दी खुली धमकी



उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई दुनिया को विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है। किम जोंग-उन ने डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी नेतृत्व से मांग की कि वे तुरंत मादुरो की स्थिति सार्वजनिक करें।


**परिवार के समेत 20 लोग छोड़ेंगे देश**

# डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ईरान छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं खामेनेई?

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में विरोध प्रदर्शन की आग उग्र होने और कई प्रदर्शनकारियों की मौत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप की धमकी के बाद अब एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आर्थिक संकट के खिलाफ ईरान में बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, ईरान के अयातुल्ला अली खामेनेई के देश से भागने की योजना बना रहे हैं। खामेनेई के पास इसे लेकर एक बैक-अप प्लान है। रिपोर्ट में एक इंटेलिजेंस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि खामेनेई अपने 20 करीबी सहयोगियों और परिवार के साथ ईरान से भागने की योजना बना रहे हैं।

दावा किया गया है कि खामेनेई सीरिया के बशर अल-असद की तरह रूस में शरण ले सकते हैं। इसकी वजह यह बताई गई है कि खामेनेई को मॉस्को भागना होगा क्योंकि उनके लिए कोई दूसरी जगह नहीं है। इससे पहले ईरान की डूबती अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों में 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुए हैं। उसने बताया कि मरने वालों की संख्या कम से कम 15 हो गई है और 580 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के संबंध में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी है।



### बेटे मोजतबा को भी साथ ले जाएंगे खामेनेई

ब्रिटिश अखबार ने खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा कि 'प्लान बी' अयातुल्ला खामेनेई और उनके बेहद करीबी सहयोगियों व परिवार के लिए तैयार किया गया है। इसमें उनके बेटे और नॉमिनेटेड उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई भी शामिल हैं। पूर्व इजरायली खुफिया अधिकारी बेनी साबती के अनुसार, खामेनेई रूस के लिए रवाना होंगे, क्योंकि उनके पास भागने के लिए और कोई जगह नहीं है।रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि खामेनेई पहले भी यह भरोसा जता चुके हैं कि वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'सराहना करते हैं' और उनका मानना है कि ईरानी संस्कृति, रूसी संस्कृति से अधिक मिलती-जुलती है। खामेनेई का यह कथित प्लान सीरिया के पूर्व तानाशाह बशर अल-असद के भागने के तरीके से मिलती-जुलती मानी जा रही है। यह वही मॉडल है जिसे असद ने नवंबर 2024 में अपनाया था, जब सरकार गिरने के बाद वो सीरिया से भागकर मॉस्को पहुंच गए थे।


**ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन का बड़ा बयान, बोले**

# पीओके समेत पूरा जम्मू-कश्मीर भारत को मिलना चाहिए, वो उसी का अंग

एजेंसी ▶▶ जयपुर

ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू और कश्मीर पर भारत के रुख के लिए अपने लंबे समय से चले आ रहे समर्थन को दोहराया है। ब्लैकमैन ने पीओके पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का विरोध करते हुए कहा कि पूरे जम्मू और कश्मीर को भारत के साथ फिर से मिला देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने की उनकी मांग तीन दशक से भी ज्यादा पुरानी है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से 2019 में लिए गए फैसले से जुड़ी नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में एक हाई-टी कार्यक्रम में बोलते हुए, ब्लैकमैन ने कहा कि उनका यह रुख 1990 के दशक की शुरुआत में बना था, खासकर कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन के बाद। बॉब ब्लैकमैन ने कहा, "मैंने सिर्फ तब अनुच्छेद 370 को खत्म करने की बात नहीं की जब प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल किया और लागू किया। मैंने यह बात 1992 में कही थी, जब कश्मीरी पंडितों को जम्मू और कश्मीर से बाहर निकाल दिया गया था। उस समय की अपनी सक्रियता को याद करते हुए, ब्रिटिश सांसद ने कहा कि ब्रिटेन में विस्थापित समुदाय के साथ हुए अन्याय की ओर ध्यान दिलाने के लिए प्रयास किए गए थे।



ब्लैकमैन ने कहा, हमने उस समय एक बड़ी बैठक की थी ताकि लोगों से कहा जा सके कि यह गलत है, यह अन्याय है कि लोगों को सिर्फ उनके धर्म के कारण उनके पैतृक घरों से बाहर निकाला जा रहा था। ब्रिटिश सांसद ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र में आतंकवाद की लगातार निंदा की है और जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर पाकिस्तान के नियंत्रण की आलोचना की है। ब्लैकमैन ने कहा, "मैंने ना केवल होने वाले आतंकवाद की निंदा की है।

**घटना के वक्त परिवार घर पर नहीं था**

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला, खिड़कियां तोड़ीं, 1 अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो स्थित घर पर हमले की घटना के बाद एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना के समय वेंस परिवार घर पर नहीं था और अधिकारियों को नहीं लगता है कि हमलावर उपराष्ट्रपति के घर में घुसा था। मौके से मिली तस्वीरों में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर की टूटी खिड़कियां दिखाई दे रही हैं लेकिन इस समय यह साफ नहीं है कि असल में क्या हुआ था। एक अधिकारी के हवाले से बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि हमलावर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बना रहा था या नहीं। घटना के बाद पुलिस और सीक्रेट सर्विस के लोग उपराष्ट्रपति के घर के अंदर देखे गए, हालांकि माना जा रहा है कि हमले के समय न तो वेंस और न ही उनका परिवार घर पर था। यह घटना नए साल की छुट्टियों के दौरान इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा के बाद हुई है। बताया जा रहा है कि मामले के विभिन्न एंगलों से जांचा जा रहा है कि आखिर वजह क्या था।


खिड़कियों को हुआ नुकसान

**कृष्णा किशोर और आशा के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल**

# आंध्र प्रदेश के कपल की अमेरिका में दर्दनाक मौत, 10 दिन पहले ही हुई थी भारत से वापसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश का एक कपल अमेरिका में भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि दोनों पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। वहीं, उनके दोनों बच्चों की हालत गंभीर है।

उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। 45 वर्षीय कृष्णा किशोर अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। वो अपनी 40 वर्षीय पत्नी आशा और 2 बच्चों के साथ अमेरिका में रहते थे। ये परिवार आंध्र प्रदेश के पालाकोल्लू से ताल्लुक रखता है। कुछ दिन पहले ही दोनों आंध्र प्रदेश स्थित अपने घर आए थे और 10 दिन पहले अमेरिका वापस लौट गए थे। हादसा अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में हुआ। हादसे के दौरान कार में कृष्णा और आशा के अलावा उनका बेटा और बेटी भी मौजूद थे।

हादसे के बाद कृष्णा और आशा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उनके दोनों बच्चों को इमरजेंसी में भर्ती किया गया है।


मृतक दंपती

### यूएस में महिला की हत्या, आरोपी भारत से गिरफ्तार



भारतीय महिला निकिता गोडिशाला की अमेरिका में हत्या कर दी गई थी। निकिता का शव एक्स-बॉयफ्रेंड अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट में मिला था। अब इस मामले पर बड़ा खुलासा हुआ है। निकिता के एक्स-बॉयफ्रेंड अर्जुन को सोमवार को इंटरपोल पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया। अमेरिकी पुलिस ने दावा किया था कि अर्जुन हत्या के बाद भारत भाग गया है। इसके बाद जांच एजेंसियां इस मामले को लेकर सक्रिय हो गई थीं।

**एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा**

# एनसीसी का ध्येय एकता और अनुशासन, युवाओं का बढ़ाता है आत्मविश्वास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर तथा विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे थे। यहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी का ध्येय वाक्य "एकता और अनुशासन" देश के युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-भावी नागरिक बनाने में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में उपराष्ट्रपति का कैंप पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। हॉल ऑफ फेम में उन्हें एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। इन प्रदर्शनी स्टॉल्स में युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण, और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी पहल शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की।

**ऑपरेशन सिंदूर व आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सेवा सराहनीय**

**28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने**

## 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट भी शामिल


उपराष्ट्रपति कैडेट के साथ

*गौरतलब है कि रक्षा मंत्री व तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी गणतंत्र दिवस के लिए लगने वाले विशेष एनसीसी कैंप में जाते हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने हैं। यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में कुल 2,406 कैडेट हैं। इनमें से 898 बालिका कैडेट शामिल हैं, जो इस साल कैंप में भाग ले रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा दल है। एनसीसी के इस कैंप में देश भर से आए कैडेट्स की भागीदारी तो है ही, लेकिन इसके साथ ही विदेशों से आए कैडेट्स भी इस कैंप का हिस्सा हैं। भारतीय कैडेट्स के अलावा 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट और अधिकारी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत इस कैंप में शामिल हो रहे हैं।*

**बांग्लादेशः वीडियो बनाकर किया वायरल**

# हिंदू विधवा के साथ दुष्कर्म, आरोपियों ने पेड़ से बांधकर उसके काट दिए बाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल ही के कुछ दिनों में 4 हिंदुओं की हत्या के बाद अब एक हिंदू विधवा महिला के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। घटना झेनैदाह जिले के कालिगंज में नादिपारा इलाके में हुई। आरोप है कि यहां के दो स्थानीय बदमाशों ने 40 वर्षीय हिंदू विधवा महिला के साथ पहले बलात्कार किया और फिर उसे पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस दुर्दांत कृत्य के बाद महिला बेहोश हो गई और स्थानीय लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में महिला ने आरोपी शाहीन और उसके साथी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि महिला ने करीब ढाई साल पहले शाहिन और उसके भाई से 20 लाख रुपये में 3 डेसिमल जमीन और एक दो मंजिला मकान खरीदा था। इसके बाद से ही शाहीन की महिला पर बुरी नजर थी। उसने इसके पहले कई बार महिला के साथ अश्लील व्यवहार करने की कोशिश की थी। जब महिला ने उसके प्रस्ताव ने इनकार कर दिया तो फिर शाहीन ने अलग-अलग तरीके से उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

## बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष एवं नया वर्ष कृषि वर्ष के रूप में बनाया जाएगा

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मिलकर शासन की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी, योजनाओं पर आधारित पुस्तकें सीएम ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इस की थीम 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया था। कृषि वर्ष 2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां अगले तीन साल का लक्ष्य तय कर संचालित की जा रही हैं। राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की शाम लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल ने मुख्यमंत्री को 13 दिसम्बर को सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने की बधाई दी। राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने मप्र शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें भेंट की।

मप्र में बीते दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने यह भी बताया कि किसान कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सभी विभागों की सहभागिता होगी। कृषि वर्ष में किसानों को अन्य राज्यों एवं विदेशों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से रूबरू भी कराया जाएगा।

**खास बातें**

- राज्यपाल और मुख्यमंत्री में हुई समसामयिक विषयों पर चर्चा
- कृषि वर्ष में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां का अगले तीन साल का लक्ष्य तय किया गया

### औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा


राज्यपाल से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि विश्व आर्थिक मंच 2026 की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 में स्विट्जरलैंड के दावोस में होने जा रही है। इसका विषय 'ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग' और 'अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ' है। इसमें प्रदेश में पीथमपुर जैसे ऑटो क्लस्टर्स की औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट और रीवा अल्ट्रा मेगासोलर प्रोजेक्ट से राज्य की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को प्रस्तुत किया जाएगा।

**34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं**

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) की ओर से किसानों के लिए सोलर पंप योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में यह योजना प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना' प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना' के नाम से संचालित है। प्रदेश के 33 हजार किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने के लिए कार्यादेश हो चुके हैं। करीब 34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड भी इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना से प्रदेश के 52 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### *राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी दी*

*राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी भी दी। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री ने बताया कि जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें देश-दुनिया के आए 120 विद्वानों के व्याख्यान, स्वामी रामभद्राचार्य महाराज भी इसमें शामिल हुए हैं। श्रीराम भक्तों ने 28 हजार से अधिक सुंदरकांड के पाठ किए। इसमें 25 सेशन होंगे, जिसमें देश-विदेश के 60 वक्ता के विचार सुनेंगे। उन्होंने बताया कि जबलपुर में ही 2 जनवरी को गीता भवन का लोकार्पण हुआ। प्रदेश का पहला गीता भवन इंदौर में लोकार्पित हो चुका है। पूरे प्रदेश मे सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र बनेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मुख्यमंत्री के सचिव आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना सहित लोकभवन के अधिकारी भी उपस्थित थे।*

### सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम में हुए शामिल मुख्यमंत्री

# सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण अविनाशी विश्वास का अद्भुत प्रतीक

**बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि शाश्वत हैं हमारे भगवान शिव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान श्रीमहाकाल और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हमारे प्रदेश में विद्यमान हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्घोष है कि, शिव शाश्वत हैं, हमारी आस्था अडिग है और सनातन की चेतना अमर है।

सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था एवं भोपाल उत्सव मेला की सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के रवींद्र भवन-मुक्ताकाश परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल उत्सव मेला के मनमोहन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता माखन सिंह और राहुल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने रूद्र पूजन में भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की।

**रवींद्र भवन परिसर में सीएम कर रहे थे संबोधित • प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की**


जनता को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

### शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं। पंच महाभूतों से बने हमारे शरीर का शिव ही सनातन संस्कृति की मूल अवधारणाओं से परिचय कराते हैं। शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं। सनातन के विरोध का भाव रखने वाली संस्कृतियां, वर्तमान में स्वयं आतंरिक संकट से ग्रस्त हैं। जबकि सदैव विश्व के कल्याण की कामना करने वाली भारतीय संस्कृति, संसार को एक परिवार मानते हुए आगे बढ़ रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जहां एक ओर श्री सोमनाथ महादेव का पुनर्निर्माण कराया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की स्थापना की। उज्जैन में महाकाल जन-जन की श्रद्धा के केंद्र के रूप में विद्यमान हैं। यह इस तथ्य को स्थापित करता है कि सनातन आदि और अनंत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का आध्यात्मिक ज्ञान, उनकी आत्मीयता और मानवमात्र के प्रति प्रेम, सम्मानीय है। उनकी ओर से प्रसारित, सांस लेने की लयबद्ध सुदर्शन क्रिया की तकनीक ने कई लोगों के जीवन से तनाव, चिंता और अवसाद जैसे जटिल विकारों का निदान किया है।

### उद्योग प्रतिनिधियों से किया संवाद

## मुख्यमंत्री जयपुर में टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मप्र के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया व उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवसरों की विस्तृत रूपरेखा वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण भी किया। उन्होंने मप्र पवेलियन का दौरा कर स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद भी किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीईओ, निवेशकों और वैश्विक उद्योग प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों एवं दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में सशक्त भागीदारी कर रहा है। यह भागीदारी गत 27 नवंबर को आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान द इंडस एंटरप्रेन्योर्स राजस्थान के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुरूप है। ये नीतियां राज्य को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार और उच्च-मूल्य वाले रोजगार सृजन के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने और भारत के टियर-2 शहरों के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

### रानी दुर्गावती की कर्मभूमि पर शुरू हुआ गीता भवन



गीता भवन।

## आधुनिक व प्राचीन ज्ञान विज्ञान का अनूठा संगम हैं गीता भवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम नागरिकों में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक चेतना के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने प्रदेश में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। यह केन्द्र मात्र एक भवन की संरचना नहीं, बल्कि एक जीवंत वैचारिक अध्ययन का केन्द्र है। इनमें आधुनिकता और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के अनूठे संगम में युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश के हर नगरीय निकाय में गीता भवन स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, वह तेजी से पूर्ण हो रहा है। यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के पहले गीता भवन का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी इन्दौर में और दूसरा गीता भवन वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि जबलपुर में शुरू हो चुका है।

### *श्रीकृष्ण पाथेय के माध्यम से कान्हा की लीलाओं और ज्ञान का प्रसार*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में कृष्ण को योगेश्वर श्रीकृष्ण की पहचान देने वाले चारों धामों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के पास ग्राम नारायाणा, धार जिले का अमझेरा और रजोभूमि बदनावर जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रात्रि विश्राम किया था। साथ ही इंदौर के पास जानापाव जहां से उन्होंने विनम्रता का संदेश दिया था। इन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता-ज्ञान और पठन-संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ना है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गीता भवन राज्य की उस बड़ी पहल का हिस्सा है।*

लेंड्रा कोरचोली जंगल क्षेत्र की घटना, उपचार जारी

## आईईडी विस्फोट में ग्रामीण घायल, पैर में गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

माओवादियों के पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में ग्राम कोरचोली निवासी एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सोमवार की सुबह लेंड्रा कोरचोली जंगल क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक, गंगालुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरचोली नदीपारा निवासी राम पोटाम सुबह के समय जंगल की ओर गया था। इसी दौरान माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। विस्फोट के कारण ग्रामीण के पैर में गंभीर चोट आई है।



घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों द्वारा घायल को तत्काल 222 बटालियन केरिपु कैम्प, कोरचोली लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इसके पश्चात बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों द्वारा क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। आईईडी की खोज और निष्क्रियकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। सुरक्षाबलों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जंगल एवं दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, गतिविधि या सामग्री की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना अथवा सुरक्षा कैंप को दें।

## आप विधायक सोमनाथ भारती पर एफआईआर, भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ भोपाल क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर भारती ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाई।

एफआईआर मध्य प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी सतीश उपाध्याय की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, सोमनाथ भारती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पूर्व ट्विटर) से एक पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में दावा किया गया था कि सतीश उपाध्याय के खिलाफ भोपाल की एक अदालत में परिवाद (शिकायत) लंबित है। सतीश उपाध्याय ने 19 नवंबर 2025 को अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पुलिस कमिश्नर कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया पर जो दस्तावेज दिखाए गए। वे असली नहीं हैं बल्कि कूट रचना करके तैयार किए गए हैं। इन दस्तावेजों को जानबूझकर सार्वजनिक किया गया ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके।

## राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति में पूर्ण वरिष्ठता का प्रस्ताव किया पारित

***प्रस्ताव का समर्थन चतुर्वेदी ने किया, जिसे संपूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से किया पारित***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त किए गए नवीन शैक्षणिक संवर्ग की पूर्ण वरिष्ठता का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में उक्त प्रस्ताव राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त हुए नवीन शैक्षणिक संवर्ग के सेवावधि की गणना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की मांग की। उक्त प्रस्ताव का समर्थन एनपी चतुर्वेदी ने किया जिसे संपूर्ण कार्यसमिति ने ध्वनिमत से पारित किया। संघ के प्रांतीय महामंत्री जितेंद्र सिंह और संभागीय अध्यक्ष कमल बैरागी ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष उक्त संकल्प को दोहराते हुए सरकार से लक्ष्य पूर्ति में सहयोग की मांग की।



राज्य कर्मचारी संघ की बैठक।

### आरोपी गिरफ्तार, पड़ोसी करता था पत्नी से बातचीत

## पड़ोसी को पत्नी संग आपत्तिजनक हालत में देखा तो कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा

जिले के करतला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में हुई एक निर्मम हत्या ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। सोमवार की सुबह, नंदकुमार पटेल नामक व्यक्ति का रक्तरंजित शव उसके घर से कुछ दूरी पर जयशंकर के घर के बाड़ी के पास आंगन में मिला। चेहरे पर गहरे जख्मों के निशान इस बात की ओर इशारा कर रहे थे कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही करतला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया। डॉग 'बाघा' ने घटनास्थल पर मौजूद गंध के आधार पर पड़ोस में रहने वाले जयशंकर के घर का पता लगाया, जिससे पुलिस का संदेह उसी पर केंद्रित हुआ। पूछताछ के बाद, मामले का खुलासा हुआ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक नंदकुमार पटेल का पड़ोसी जयशंकर की पत्नी के साथ हंसी-मजाक और छेड़छाड़ का सिलसिला चल रहा था। रविवार की रात जब जयशंकर घर पहुंचा, तो उसने नंदकुमार को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। यह देखकर जयशंकर का पारा चढ़ गया और उसने नंदकुमार के साथ विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि जयशंकर ने घर के पास रखे एक डंडे से नंदकुमार के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे नंदकुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

### कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोखपाल का मामला

## संदिग्ध परिस्थिति में तीसरी कक्षा की छात्रा की मौत

**दंतेवाड़ा।** जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मोखपाल में स्थित पोटाकेबिन आश्रम में पढ़ने वाली छात्रा के पैर में दर्द के चलते उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है, जहां पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा। बता दें कि पोटाकेबिन आश्रम मोखपाल में तीसरी क्लास में पढ़ने वाली एक छात्रा के पैर में अचानक से दर्द के चलते उसे रविवार की सुबह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां सोमवार की सुबह बच्ची की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही पोटाकेबिन के आला अधिकारियों की टीम भी आ पहुंची। जहां शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा, यातायात नियमों के प्रति जागरुकता फैलाना आवश्यक

## यातायात माह 2026 का शुभारंभ, हेलमेट जागरुकता के लिए निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कबीरधाम




सोमवार से यातायात माह 2026 का शुभारंभ हो गया है। इसे लेकर शहर में हेलमेट जागरूकता के लिए बाइक रैली निकाली गई। इसके पूर्व कवर्धा शहर के वीर सावरकर भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी पुष्पेंद्र सिंह कहा कि यातायात माह का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना, आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने नागरिकों से शराब सेवन कर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, तेज गति व लापरवाही से वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों का पूर्णतः पालन करने अपील की है। विशेष रूप से युवाओं से सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने का आह्वान किया। सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने गति सीमा का पालन करने, ओवरटेकिंग में सावधानी बरतने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखने की समझाइश दी। कार्यक्रम के दौरान शहर में आयोजित केपीएल प्रतियोगिता की विजेता, उपविजेता टीम को हेलमेट वितरित किए गए, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल कानूनी औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है।